**कैबिनेट के फैसले** | मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुए फैसले, अशोक लीलैंड कर रही है पहले चरण में 186 करोड़ रुपये निवेश

# ईवी बनाने वाली कंपनी को 110 करोड़ प्रोत्साहन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। दिग्गज वाहन निर्माता कंपनी अशोक लीलैंड लखनऊ में स्कूटर इंडिया की जमीन पर इलेक्ट्रिक बस निर्माण संयंत्र लगा रही है। इसमें प्रथम चरण में वह 186 करोड़ रुपये प्रथम चरण में निवेश कर रही है। इसके लिए यूपी सरकार ने विभिन्न रियायतों के तहत उसे 110 करोड़ रुपये का इंसेंटिव देने के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई।

इसके लिए कंपनी को लेटर आफ कम्फर्ट जारी होगा। पूंजीगत सब्सिडी, जीएसटी प्रतिपूर्ति, विद्युत कर में छूट, कौशल विकास के लिए इंसेंटिव शामिल है। इसके अलावा 8 कंपनियों को निवेश परियोजना लगाने के एवज में 877 करोड़ रुपये विभिन्न राहतों के तहत दिए जाएंगे।



■ कंपनी को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी होगा

**पंतजलि को राहत मिली:** नोएडा में पंतजलि द्वारा फूड पार्क निर्माण की योजना है। इसे तीन साल में पूरा करना था। कंपनी का कहना था कि कोविड के कारण यह पार्क व प्लांट पर काम नहीं हो पाया। इसलिए उसे दो साल का अतिरिक्त समय चाहिए।

## आजमगढ़ विकास प्राधिकरण सीमा में 483 गांव और आए

लखनऊ। राज्य सरकार ने बढ़ती गतिविधियों और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आजमगढ़ विकास प्राधिकरण सीमा में 483 और गांवों को शामिल किया है। अभी तक विकास प्राधिकरण सीमा में 159 गांव ही थे।

मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। आजमगढ़ विकास प्राधिकरण का गठन जून 2006 में किया गया था। उस समय आजमगढ़ नगर पालिका के 62 और सीमावर्ती 97 गांवों को शामिल करते हुए सीमा तय की गई। आजमगढ़ में संचालित इंफ्रास्ट्रक्चर

**159** गांव अभी तक शामिल थे

■ जून में बना आजमगढ़ विकास प्राधिकरण

प्रोजेक्ट जैसे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, अटल आवासीय स्कूल, हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय, धार्मिक पर्यटन एवं नदी तटीय घाट विकास, सठियांव चीनी मिल, यूपीडा द्वारा प्रस्तावित औद्योगिक पार्क और इन क्षेत्र के चतुर्दिक विकास हो रहा है। इसके साथ ही मुबारकपुर सिल्क साड़ी केंद्र और निजामाबाद ब्लैक पाटरी के साथ मुबारकपुर नगर पालिका परिषद, निजामाबाद व जहानागंज नगर पंचायत होने की वजह से विकास की गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। इसको ध्यान में रखते हुए मुबारकपुर नगर पालिका परिषद, निजामाबाद व जहानाबाद नगर पंचायत और सदर तहसील के 287 गांवों, निजामाबाद तहसील के 145, सगड़ी के 50 और मेहनगर के एक गांवों समेत कुल 483 गांवों को आजमगढ़ विकास प्राधिकरण सीमा में शामिल करने का फैसला किया गया है।